Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding expansion of Kishangarh Airport in Ajmer Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर, राजस्थान में स्थित किशनगढ़ हवाईअड्डे से वर्तमान में दिल्ली-अहमदाबाद-हैदराबाद-इन्दौर-सूरत एवं मुम्बई की नियमित हवाई सेवायें चल रही हैं। लेकिन, देश के अन्य प्रमुख शहरों के लिये नियमित उड़ानें प्रारम्भ नहीं होने से एयरपोर्ट का समग्र उपयोग नहीं हो पा रहा, जबकि उक्त एयरपोर्ट को जयपुर एयरपोर्ट के विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। इसी के चलते एयरपोर्ट के रनवे एंव टर्मिनल विस्तार की कवायद विभागीय स्तर पर प्रक्रियाधीन है। लेकिन, रनवे विस्तार कार्य में ग्राम टूकडा की 02 पहाड़ियों की चोटियों की कटाई एव ग्राम गगवाना में स्थित प्रसार भारती के आकाशवाणी टॉवर की ऊंचाई कम करने अथवा अन्यत्र स्थानान्तरण किया जाना सबसे बड़ी बाधा है। हालांकि उक्त दोनों ही अड़चनों को दूर करने के लिये एयरपोर्ट ओथोरिटी एवं राज्य सरकार के द्वारा भौगोलिक सर्वेक्षण के साथ-साथ दो बार प्रशासनिक स्तर पर सर्वे भी कराया जा चुका है और वर्तमान में उक्त दोनों पहाड़ियों की कटाई के लिये वन-विभाग की एन.ओ.सी एवं आकाशवाणी के टॉवर के स्थानान्तरण की पत्रावली विभागीय स्तर पर स्वीकृति हेतु विचाराधीन है।

अतः व्यापक जनहित को दृष्टिगत रखते हुये किशनगढ़-अजमेर एयरपोर्ट के विस्तार में आ रही उक्त दोनों बाधाओं को दूर कराकर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा यथाशीघ्र सकारात्मक विभागीय कार्यवाही करायी जाये तो इस परियोजना पर हुआ करोड़ों रुपयों का निवेश बहुउपयोगी साबित होगा।

HON. CHAIRPERSON: Shri Unmesh Bhaiyyasaheb Patil – Not Present

… (*Interruptions*)